कार्यालय महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण,उत्तर प्रदेश, छठा तल जवाहर भवन, लखनऊ

संख्या–एम0ई0–3 / 2016 / 3339 लखनऊ:दिनांकः 25 नवम्बर 2016

सी0पी0ए0टी0 2016 के अन्तर्गत रिक्त सीटों को भरे जाने हेतु मॉपअप राउण्ड के आयोजन के संबंध में अति आवश्यक सूचना

सी0पी0ए0टी0 2016 की प्रथम / द्वितीय काउंसिलिंग के माध्यम से आवंटित छात्रों के प्रवेश न लेने, त्यागपत्र देने अथवा किसी अन्य कारण से रिक्त सीटों पर मॉपअप राउण्ड के माध्यम से आवंटन की कार्यवाही के संबंध में विवरण निम्नलिखित हैः–

आवंटन स्थल	पंजीकरण तिथि समय प्रातः 10:00 से सायं 5:00 बजे तक	सीट आवंटन तिथि प्रातः 10:00 बजे से	आमंत्रित अभ्यर्थी
टेलीमेडिसिन सेन्टर, एस0जी0पी0जी0आई0, लखनऊ	दिनांक 28 नवम्बर 2016 (दिन सोमवार)	दिनांक 29 नवम्बर 2016 (दिन मंगलवार)	सी0पी0ए0टी0 2016 की परीक्षा में सम्मिलित समस्त इच्छुक एवं अर्ह अभ्यर्थी।

विशेष सूचना–इस विशेष आवंटन हेतु आज दिनांक 25.11.2016 तक शासकीय क्षेत्र की सीटों में राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कालेज, आजमगढ में अनारक्षित श्रेणी मात्र 01 रिक्त सीट ही आवंटन हेतु उपलब्ध है। निजी क्षेत्र के आयुर्वेदिक कालेजों हेतु आज तिथि तक कुल 463 सीटें आवंटन हेतु उपलब्ध हैं। आवंटन की तिथि तक सीटों की संख्या में परिवर्तन हो सकता है।

- विशेष आवंटन (MOP UP ROUND) हेतु निम्न अभ्यर्थी अर्ह होंगे–
  1. सी0पी0ए0टी0 2016 की परीक्षा में सम्मिलित ऐसे अभ्यर्थी जिनके पास पास मूल प्रमाण पत्र उपलब्ध है।
  2. सी0पी0ए0टी0 2016 की पूर्व काउंसिलिंग के माध्यम से प्रवेशित ऐसे अभ्यर्थी, जो पाठ्यक्रम (विधा) परिवर्तन करना चाहते है, उन्हे सम्बन्धित कालेजों से त्यागपत्र देते हुये मूल प्रमाण पत्रों के साथ उपस्थित होना होगा।
  3. विशेष आवंटन **(MOP UP ROUND)** में अभ्यर्थियों को समान पाठ्यक्रम में कालेज का परिवर्तन / पुनरावंटन अनुमन्य नहीं होगा, यद्यपि पाठ्यक्रम / विधा परिवर्तन **(Course Change)** का विकल्प ही अनुमन्य होगा।
- इस आवंटन में कोई पुनरावंटन (Reshuffeling) अनुमन्य नही होगा। विशेष आवंटन (MOP UP ROUND) हेतु निम्न अभ्यर्थी अर्ह नही होंगे–
  1. सी0पी0ए0टी0 2016 की प्रथम / द्वितीय काउंसिलिंग के माध्यम से आवंटन प्राप्त (प्रवेषित / अप्रवेषित / त्यागपत्र दे चुके) अभ्यर्थी।
  2. विशेष आवंटन (MOP UP ROUND) में प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थियों को मूल प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर ही आवंटन की कार्यवाही की जायेगी। अभ्यर्थी द्वारा मूल प्रमाण पत्र प्रस्तुत न करने की स्थिति में अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा।
- इस सम्बन्ध में छात्रों द्वारा विशेष ध्यान रखा जाय कि क्योकि यह प्रक्रिया विशेष आवंटन की है तथा काउन्सिलिंग की नही। अतः इस प्रकार से जिन छात्रों द्वारा त्याग पत्र दिया गया है, उन्हें पुनः अपने मूल सीट पर प्रवेश उपलब्ध नही होगा।
- विशेष आवंटन (MOP UP ROUND) के माध्यम से आवंटित सीटों पर प्रवेष प्रक्रिया आवंटन स्थल (टेलीमेडिसिन केन्द्र, एस0जी0पी0जी0आई0, लखनऊ) पर ही सम्पन्न करायी जानी है, अतः अभ्यर्थियों को निर्देषित किया जाता है कि शासन द्वारा निर्धारित शुल्क के साथ उपस्थित होना सुनिष्चित करें ताकि आवंटन स्थल पर ही प्रवेष सम्बन्धी कार्यवाही पूर्ण की जा सके।
- काउंसिलिंग शुल्क रू0 500 / – (रूपये पॉच सौ मात्र) तथा सिक्योरिटी धनराशि रू0 5000 / – (रूपये पॉच हजार मात्र) राजकीय कालेजों हेतु तथा रू0 20,000 / – (रूपये बीस हजार मात्र) निजी क्षेत्र के कालेजों हेतु डिमाण्ड ड्राफ्ट के माध्यम से जमा किया जाना अनिवार्य है, जो महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा तथा प्रशिक्षण, उत्तर प्रदेश के नाम से लखनऊ में देय हो।

- ऐसे छात्र, जिनके द्वारा सिक्योरिटी धनराशि रू0 5000/– अथवा रू0 20,000/– पूर्व की काउंसिलिंग में जमा किया जा चुका है, तथा उन्हे कोई भी आवंटन प्राप्त नहीं हुआ है, उन्हे सिक्योरिटी धनराशि जमा करने की आवश्यकता नहीं होगी।
- अद्यावधिक जानकारी हेतु कृपया वेबसाईट www.updgme.in का अवलोकन करना सुनिश्चित करें।

महानिदेशक